हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 7 मार्च 2026

14 शासन की विकास योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : सांसद चौधरी



14 होली की धूम, परंपरा और उत्साह के साथ मनाया रंगों ...





### क्राइम: कैमरे में कैद हुई घटना, पुलिस ने जांच शुरू की

# चंडी मंदिर में नशेड़ियों का उत्पात पुजारी और सेवादारों से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चंडी माता मंदिर, घुंचापाली (बागबाहरा) में असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट और हंगामा करने का गंभीर मामला सामने आया है। नशे की हालत में पहुंचे कुछ युवकों ने मंदिर परिसर में न केवल दहशत फैलाई, बल्कि वहां के पुजारी और सेवादारों पर हमला भी किया।

मिली जानकारी के अनुसार, चंडी पहाड़ी पर स्थित इस मंदिर में जब शाम की पूजा और दर्शन का समय था, तभी 3 से 4 युवक मंदिर परिसर में दाखिल हुए। चंडी माता मंदिर अपने उस अनोखे दृश्य के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है जहां जंगली भालू प्रतिदिन आरती के समय मंदिर आते हैं और भक्तों को कोई नुकसान पहुंचाए बिना प्रसाद ग्रहण करते हैं। चूंकि शाम के वक्त वहां भक्तों की काफी भीड़ रहती है, इसी का फायदा उठाते हुए नशे में धुत इन युवकों ने उत्पात मचाना शुरू कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक अपने साथ चाकू जैसे धारदार हथियार भी रखे हुए थे, जिन्हें लहराकर वे लोगों को डरा रहे थे। जब मंदिर के पुजारी और वहां तैनात सेवादारों ने युवकों को इस तरह के व्यवहार से रोकने की कोशिश की, तो आरोपी और अधिक आक्रामक हो गए। आरोपियों ने सेवादारों और पुजारी के साथ गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस अचानक हुए हमले से मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं के बीच अफरा-तफरी और डर का माहौल निर्मित हो गया। वारदात को अंजाम देने के तुरंत बाद सभी आरोपी फरार हो गए।



#### कैमरों में कैद वारदात

इस पूरी घटना का सबसे अहम पहलू यह है कि मंदिर परिसर में लगे कैमरों में यह पूरी वारदात और आरोपियों के चेहरे साफ तौर पर रिकॉर्ड हो गए हैं। वीडियो फुटेज में युवकों को अभद्रता करते और मारपीट करते हुए स्पष्ट देखा जा सकता है।

#### पुलिस की कार्रवाई

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मंदिर प्रबंधन की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कैमरे फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और उनकी गिरफ्तारी के लिए तलाश शुरू कर दी गई है।

## गढ़सिवनी के बाजार चौक में मारपीट आरोपी पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पत्थर खदान में मजदूरी विवाद को लेकर जिले के तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़सिवनी में मारपीट की घटना सामने आई है। 4 मार्च को दोपहर करीब 12 बजे महेश्वर साहू ने पत्थर खदान की मजदूरी के विवाद पर नंद किशोर साहू के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। उस समय महादेव सोनकर और तोरण ध्रुव ने बीच-बचाव किया। उसी रात करीब 8:30 बजे, जब महादेव सोनकर बाजार चौक पर थे, महेश्वर साहू ने पुराने विवाद और शराब की बात को लेकर उन पर डंडे से हमला कर दिया। हमले में महादेव के सिर और दाहिने हाथ में चोट आई है, जिनका इलाज निजी डॉक्टर से कराया गया। गवाहों के हस्तक्षेप के बाद आरोपी वहां से भाग निकला। महादेव सोनकर की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी महेश्वर साहू के खिलाफ धारा 115(2), 296 और 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पहले की मारपीट फिर एक्टिवा को डंडे से पीट-पीटकर किया क्षतिग्रस्त, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

शहर के झिलमिला वार्ड में कल्लू डबरी के पास होली के दिन 4 मार्च को कुछ लोगों के द्वारा एक युवक के साथ मारपीट व गाली-गलौज किये जाने की शिकायत दर्ज कराई गई है। इसके अलावा उनके मोटरसायकल व स्कूटी वाहन को नुकसान पहुंचाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम किया है। मिली जानकारी अनुसार शहर के वार्ड नंबर 07 ताजनगर झिलमिला निवासी सुदर्शन यादव ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह होटल का व्यवसाय करता है, तथा 04 मार्च को दोपहर को 01:30 बजे कल्लू डबरी तालाब में नहाने जा रहा था। तभी देखा कि उसके दोस्त अमजद खान को उसके मोहल्ले का अमित नामक व्यक्ति मारपीट कर रहा था, जिसे सुदर्शन ने जाकर बीच बचाव किया तो अमित के द्वारा उसके साथ भी अश्लील गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। साथ ही किसी नुकीली वस्तु से उसके बाएं आंख के नीचे में मार दिया, जिससे चोट आकर खून निकलने लगा। इसके बाद अमजद के साथ-साथ अमित को भी समझाने पर वह अपने घर चला गया, और सुदर्शन भी नहाकर अपने घर चला गया। इसके बाद शाम 04:30 बजे मोहल्ले का हितेश वैष्णव सुदर्शन के घर के पास आया और उसके दोस्त अमित के साथ विवाद क्यों किये हो कहकर उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। साथ ही घर के सामने उसकी मोटर सायकल स्प्लेंडर प्लस क्रमांक सीजी 06 एएक्स 0577 खड़ी थी उसे तोड़फोड़ किया, जिससे सुदर्शन की मोटर सायकल के किलोमीटर वाला कांटा एवं पेट्रोल बताने वाला कांटा टूट कर नुकसान हो गया। फिर हितेश वैष्णव वहां से चला गया। इस घटना के लगभग एक घण्टे के बाद शाम 05:30 बजे सुदर्शन सामान खरीदने जा रहा था तो देखा कि कल्लू डबरी मंदिर के पास हितेश वैष्णव, अमित एवं सुंदर राजपूत के द्वारा जोसेफ हियाल व चेतन राठिया एवं रमेश कुमार नायक को, तुम तीनों सुदर्शन यादव के दोस्त हो और उनका साथ देते हो कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का डंडा व किसी नुकीली वस्तु से मारपीट किये। इससे जोसेफ को पीठ एवं बाएं हाथ में, चेतन राठिया को पीठ व रमेश नायक के पीठ में चोटें आई है। इसके अलावा रमेश के स्कूटी एक्टीवा क्रमांक सीजी 11 एएक्स 0704 को भी सुन्दर राजपूत के द्वारा डंडा से तोड़ फोड़ किया गया, जिससे एक्टिवा के सामने का वायजर, हेडलाईट, मडगार्ड, क्लच वायर, आईना टूटकर नुकसान पहुंचा है। उक्त शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 296, 3(5), 324(2), 351 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।



# लापता हुए बालक का शव खेत में मिला, हत्या की आशंका

**सरायपाली।** होली के दिन ग्राम कनकेवा से लापता बच्चे का शव सुबह एक खेत में पाये जाने से पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई। होली खेलने के बीच अचानक बच्चे का गायब हो जाना और अगले दिन शव पाये जाने से क्षेत्र में कई तरह की चर्चा हो रही है। पुलिस ने भी प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका जाहिर की है। लेकिन पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले की सही जानकारी होने की बात कही जा रही है। मिली जानकारी अनुसार ग्राम कनकेवा निवासी पीयूष उर्फ धनेश निषाद पिता नृपति निषाद उम्र 9 वर्ष अपने मामा के गांव दूधीपाली में रहकर पढ़ाई करता था। उसके पिता राजमिस्त्री का काम करते हैं। होली का त्योहार मनाने के लिए वह अपने गांव कनकेवा आया हुआ था। ग्रामीणों के मुताबिक 4 मार्च को गांव में होली खेलने के दौरान वह लगभग 11.15 बजे के बाद अचानक लापता हो गया। बच्चे के लापता होने की जानकारी मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों ने गांव व आसपास के खेत-खलिहानों में उसकी तलाश शुरू की। आनन-फानन में पूरा मामला सोशल मीडिया में भी फैल गया, जिसके बाद सरायपाली पुलिस भी हरकत में आई और डॉग स्क्वॉड की मदद से शाम लगभग 4 बजे से रात 12 बजे तक बच्चे को तलाश किया गया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। अंततः गुरुवार को सुबह 9 बजे बच्चे के घर से लगभग एक किलोमीटर दूर खेत में उसका शव मिलने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दिया गया। थाना प्रभारी नितेश सिंह ठाकुर ने बताया कि बच्चे का शव मिला है और प्रथम दृष्टया मामला हत्या से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। वहीं शव को जानवरों द्वारा नोचे जाने के निशान भी मिले हैं। पुलिस के द्वारा पंचनामा की कार्रवाई की जा रही है तथा फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा होने की बात उन्होंने कही।



## 34 पौवा अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** पटेवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम पचरी में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की है। 2 मार्च को पुलिस को सूचना मिली कि अग्रवाल राइस मिल के पास एक व्यक्ति शराब बेच रहा है। मौके पर घेराबंदी कर पुलिस ने अरुण लहरे (32 वर्ष) को पकड़ा, जबकि शराब खरीदने आया व्यक्ति भागने में सफल रहा। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक थैले में 34 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद हुई, जिसकी कुल मात्रा 6.120 लीटर है। साथ ही 300 रुपये नगद भी जब्त किए गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## पेट्रोल पंप बंद होने पर कर्मचारियों से मारपीट

**महासमुंद।** बिरकोनी स्थित राज फ्यूल पेट्रोल पंप पर 4 मार्च की रात विवाद और मारपीट का मामला सामने आया है। पंप कर्मचारी मनोज कुमार टंडन के अनुसार, रात करीब 10 बजे लोकनाथ साहू अपने साथियों के साथ पेट्रोल भरवाने पहुंचे थे। जब कर्मचारियों ने पंप बंद होने की जानकारी दी, तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उनसे मारपीट की। हैरानी की बात यह है कि जब मनोज शिकायत करने पुलिस चौकी जा रहे थे, तब महाराजा ढाबा के पास आरोपियों ने उन्हें चलती बाइक से गिरा दिया। इसके बाद पत्थर और मुक्कों से हमला कर उन्हें घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296 और 351(3) के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## खबर संक्षेप



### बिरकोनी बच्चों ने स्कूल में खेली होली

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी सहित क्षेत्र के स्कूली बच्चों ने होली उत्सव को मंगलवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। सुबह से ही बच्चे होली के मस्ती में सराबोर होकर स्कूल पहुंचे। एक दूसरे के ऊपर रंग और गुलाल लगाकर होली मनाई। वहीं शिक्षिकाओं ने बच्चों को सूखी होली तथा हर्बल होली खेलने के फायदों के बारे में बताए। होली उत्सव को मनाने के उद्देश्य और होलिका दहन की कहानी से बच्चों को अवगत कराया गया।

### छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष 12 मार्च को करेंगी सुनवाई

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक द्वारा संभाग स्तरीय प्राप्त आवेदनों एवं प्रकरणों की महा जन-सुनवाई 12 मार्च 2026 को की जाएगी। यह जन-सुनवाई सदस्य लक्ष्मी वर्मा एवं सरला कोसरिया की मौजूदगी में छ.ग. राज्य महिला आयोग कार्यालय रायपुर में प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। समस्त प्रकरणों से संबंधित पक्षकारों को निर्धारित तिथि एवं समय में आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।



### पासिद के कलाकारों ने दी डंडा नृत्य की प्रस्तुति

**बिरकोनी।** ग्राम बडगांव में पासिद के कलाकारों द्वारा होली पर्व के पहले डंडा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। बुजुर्ग कलाकार 50 सालों से गांव गांव में डंडा नृत्य करते आ रहे है। जय माँ महामाया समिति के 35 कलाकारों ने डंडा नृत्य की प्रस्तुति दी कृष्ण राधा वेशभूषा में नृत्य आकर्षक का केंद्र रहा।

### ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था हेतु जिले में कंट्रोल रूम का गठन

**महासमुंद।** ग्रीष्मकाल के दौरान जिले में पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं नागरिकों को निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वर्ष 2026-27 के लिए उपखंड एवं विकासखंड स्तर पर कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। यह व्यवस्था आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगी। विभाग द्वारा प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।



### राधा-कृष्ण मंदिर हुआ होली महोत्सव

**कोमाखान।** राधा-कृष्ण मंदिर कोमाखान में अधिक धूमधाम धाम के साथ होली महोत्सव कार्यक्रम मंदिर प्रंगण में मनाया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भगवान का प्रातः श्रृंगार, आरती, फूलों की होली एवं शाम को संपूर्ण प्रांगण में रंग गुलाल की होली खेली गई। ग्रामवासियों के लिए ठंडाई की व्यवस्था मंदिर ट्रस्ट द्वारा किया गया। नगाड़े और डीजे की धूम देर रात तक रही। कार्यक्रम की जानकारी मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष प्रदीप यादव नितिन जैन एवं राहुल श्रीवास द्वारा दी गई।

### होली पर्व को धूमधाम से मनाया गया


**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में होली पर्व को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। बुधवार को लोगों ने रंगों में डूबे हुए हैं और एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। वहीं दूसरी ओर डोल नगाड़ों की थाप पर फाग गीत गाकर लोगों ने होली मनाई।

# शुभ मुहूर्त में जलाई होली, होलिका में जलकर भस्म हुई सामाजिक बुराईयां, पूजा और अग्नि की परिक्रमा कर निभाई परंपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

लोगों ने दहन से पहले होलिका की जल, रोली, अक्षत और फूलों से पूजा-पाठ कर अग्नि की परिक्रमा की। इससे शरीर और मन की नई साकारात्मक ऊर्जा प्राप्त हुई। सोमवार को नगर में शाम 6 बजे से ही चौक-चौराहों, मोहल्लों व वार्डों में लोगों ने पुरानी सामग्री, सामाजिक बुराइयों के कारकों जैसे नशीले पदार्थों, अंधविश्वास की भाव को होलिका में जलाकर भस्म किया। साथ ही साथ पौराणिक परंपराओं की प्रक्रिया को निभाया। होलिका के समक्ष लोगों ने मन व बहारी वातावरण में व्याप्त नकारात्मक ऊर्जा और जीवन की बाधाओं को भस्म करने होलिका की अग्नि में उपले डालने और परंपराओं को निभाया। लोगों ने होलिका की पूजा-अर्चना कर परिवार में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। धार्मिक मान्यताओं व आयुर्वेद के अनुसार गोबर के उपले जलते हैं तो उनसे निकलने वाला धुआं प्राकृतिक एयर-प्यूरीफायर का काम करता है। यह वातावरण में मौजूद हानिकारक कीटाणुओं और बैक्टीरिया का नाश कर हवा को शुद्ध बनाता है। यही वजह है कि हमारे पूर्वजों ने यज्ञ और हवन में भी इसके उपयोग को अनिवार्य किया है।







शहर में जगह-जगह मान्याताओं के अनुरूप होलिका दहन की और आदिकाल से चली आ रही परंपराओं को पूरे विधि-विधान से निभाया गया। दोपहर को होली का पूजन खासकर महिलाओं ने होलिका की पूजा अर्चना की। इस मौके पर लोगो ने खासकर महिलाओं ने होलिका की 7 बार परिक्रमा की।

#### धूमधाम से मनाई गई होली

बुधवार को होली का रंग पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस बार कई लोग फूलों की होली खेलने परिवार के साथ वृंदावन निकल गए हैं। इसी तरह शहर के कई युवाओं ने विशाखापट्टनम, गोवा, थाईलैंड में होली मनाई।

### सेहत : जिले की हजारों माताएं हो रहीं लाभान्वित

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से मातृ स्वास्थ्य को मिला संबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- गर्भावस्था के दौरान स्वास्थ्य जांच को प्रोत्साहन

केंद्र सरकार द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए संचालित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, जिले में महिलाओं के लिए एक सहारा साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से गर्भवती एवं धात्री माताओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें गर्भावस्था के दौरान बेहतर पोषण, स्वास्थ्य जांच और देखभाल के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह योजना देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक है, जिसका उद्देश्य माताओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य को सुरक्षित करना है।

जिले में इस योजना के तहत वर्ष 2025-26 में अब तक 4928 हितग्राही नामांकित हैं। योजना के अंतर्गत प्रथम संतान के लिए 3914 महिलाओं को प्रथम किस्त की राशि प्रदान की जा चुकी है, जबकि 3532 महिलाओं को द्वितीय किस्त का भुगतान भी किया गया है। इसके साथ ही योजना के प्रावधानों के अनुसार द्वितीय बालिका के जन्म पर 812 महिलाओं को भी आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। योजना अंतर्गत पंजीयन के बाद गर्भावस्था के सातवें माह में 3000 रुपए और प्रसव के बाद साढ़े तीन माह बाद बच्चे को टीका लगने के पश्चात 2000 रुपए प्रदान किए जाते हैं। वहीं डिलीवरी में यदि बालिका जन्म लेती है, तो माताओं को 6000 रुपए की विशेष प्रोत्साहन राशि दी जाती है, एक पहल जो बेटियों के जन्म को सम्मान और सुरक्षा देती है।

योजना से लाभान्वित माताओं ने कहा कि इस आर्थिक सहयोग से गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच और आवश्यक देखभाल करना आसान हुआ है। इससे न केवल माताओं का स्वास्थ्य बेहतर हुआ है बल्कि नवजात शिशुओं के सुरक्षित जन्म और स्वस्थ भविष्य को भी मजबूती मिली है। महिला बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से लगातार पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कराया जा रहा है तथा उन्हें योजना का लाभ दिलाने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। शासन की मंशानुरूप जिले की प्रत्येक पात्र गर्भवती महिला को योजना से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र महिला इस योजना के लाभ से वंचित न रहे।



#### जिले की 3914 महिलाएं हुई लाभान्वित

जिले में योजना अंतर्गत इस वर्ष प्रथम संतान के लिए जारी प्रथम किस्त की भुगतान राशि से 3914 महिला हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। इस क्रम में महासमुंद शहरी क्षेत्र की 292 महिला हितग्राही, महासमुंद ग्रामीण क्षेत्र की 822 हितग्राही, बागबाहरा विकासखंड की 860 हितग्राही, पिथौरा विकासखंड की 579 हितग्राही, बसना विकासखंड की 764 हितग्राही तथा सरायपाली विकासखंड की 597 महिला हितग्राहियों को प्रथम किस्त की राशि प्रदान की गई है। इसी तरह योजना अंतर्गत द्वितीय किस्त के भुगतान से 3532 महिला हितग्राही लाभान्वित हुई हैं। इसमें महासमुंद शहरी क्षेत्र की 214 महिला हितग्राही, महासमुंद ग्रामीण क्षेत्र की 615 हितग्राही, बागबाहरा विकासखंड की 796 हितग्राही, पिथौरा विकासखंड की 492 हितग्राही, बसना विकासखंड की 763 हितग्राही तथा सरायपाली विकासखंड की 652 महिला हितग्राहियों को द्वितीय किस्त की राशि प्रदान की गई है। इसके अलावा द्वितीय बालिका के जन्म पर प्रोत्साहन स्वरूप योजना के अंतर्गत भुगतान किए गए हितग्राहियों में महासमुंद शहरी क्षेत्र की 72 महिला हितग्राही शामिल हैं। वहीं बागबाहरा विकासखंड की 171, पिथौरा विकासखंड की 96, बसना विकासखंड की 160 तथा सरायपाली विकासखंड की 100 महिला हितग्राहियों को योजना के तहत निर्धारित राशि का भुगतान कर लाभान्वित किया गया है।

## धूमधाम से मनाई गई होली





**अरंड।** ग्राम अरंड में रंगों का त्योहार होली बहुत ही धूम धाम से मनाया गया। बसंत ऋतु में फाल्गुन माह के पूर्णिमा को मनाया जाने वाला त्योहार होली प्रमुख हिंदू त्योहारों में से एक है। इस वर्ष ग्रहण की वजह से चैत्र माह के एकम को अर्थात 4 मार्च को होली खेली गई। जबकि होलिका दहन कई गांवों में चौदस को और कई गांवों में पूर्णिमा को किया गया। कौतुक पटेल ने बताया कि अरंड में पूर्णिमा की रात्रि में विधि विधान से ग्राम बैगा द्वारा होलिका दहन किया गया और नगाड़ों की थाप में फाग गीत गाया गया। सुबह से लोग एक-दूसरे को रंग गुलाल से सराबोर करते नजर आए। संध्या मांदर की थाप में डांडिया नृत्य करते हुए पूरे गांव का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कौतुक पटेल, शिवचरण ध्रुव, गंगाधर निर्मलकर, कार्तिक राम, देवराज ठाकुर, तीरथ राम साहू, मन्नू ध्रुव, कन्हैया ध्रुव, मोती विश्वकर्मा, भोजकुमार ध्रुव, बैगा विश्वनाथ, शोभा राम ध्रुव, चंद्रभान, इंद्रचंद ध्रुव, ऋषि कपूर, कपूर नारायण आदि सहित जंघोरा, खुटेरी, नयापारा कला, कोटादादर, मोहदा के ग्रामीण उपस्थित थे। वहीं लोगों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल और रंग लगाकर होली खेली। पहले दिन होलिका दहन कर अंगारों पर चले। इस दौरान ग्राम के सरपंच डिगंबर पटेल, शिवचरण ध्रुव, कार्तिक राम पटेल, कौतुक पटेल, देवराज सिंह ठाकुर, दिनेश दुबे, ग्राम के बैगा विश्वनाथ ध्रुव, युवराज निर्मलकर, हेम सिंह साहू, हुसन लाल निर्मलकर, वालेश ध्रुव, सुखदेव ध्रुव, अजय ध्रुव, मिलो बाई ध्रुव, जमुना बाई साहू, चंपेश्वरी बाई साहू, कालेंद्री साहू, निशिता मालाकार, अनिता, साहू, गीतांजलि ध्रुव, रोमित साहू, संजू व समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

#### फागुन के रंग, माता के संग में नगाड़ें की थाप पर झूमते रहे लोग

**महासमुंद।** शहर के बरोंडा चौक स्थित भवानी दुर्गा मंदिर में फागुन के रंग माता के संग कार्यक्रम में लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया और मां दुर्गा के साथ फूलों की होली खेली। नगर पुरोहित पंकज तिवारी व राजेश लूनिया के संयोजकतत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में फाग गीतों का लोगों ने नगाड़े की थाप पर जमकर आनंद उठाया और मस्ती में नाचते गाते रहे। 2 फरवरी को संध्या 5 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में परसवानी बम्हनी बरोंडाबाजार और पुराना मलेरिया ऑफिस की फाग टोली फाग गीत का गायन करते रहे। इस बार चंद्रग्रहण के कारण होलिका दहन के एक दिन बाद रंग उत्सव मनाया जाएगा। चंद्रग्रहण और भद्रा के कारण 2 फरवरी की देर रात 1:30 बजे से 2:30 बजे के बीच नगर में अनेक स्थानों पर होलिका दहन किया गया। चंद्रग्रहण के कारण 3 फरवरी को सुबह 8:30 बजे से मंदिरों के पट बंद बंद कर दिए गए थे।



#### बनवारी गौशाला में सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन ग्रामीणों ने नवदंपत्तियों को दिया आशीर्वाद

**सरायपाली।** बनवारी गौशाला केंदूढार में सामूहिक सुकन्या विवाह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ऐसे परिवारों की बेटियों का सम्मानपूर्वक विवाह संपन्न कराना था, जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण दहेज प्रथा एवं अन्य खर्चों का वहन करने में असमर्थ हैं। इस पुनीत अवसर पर विवाह की व्यवस्थाएं समिति द्वारा की गईं। इस सामूहिक विवाह में दो जोड़ों का विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हर्षोल्लासपूर्वक विवाह संपन्न कराया गया। पहला जोड़ा रवि सिंधे एवं लक्ष्मी सिदार, केंदुढार ग्राम मुंधा से था। दूसरा जोड़ा अरवित यादव एवं यामोती यादव, ग्राम मजरमाटी से था। समस्त अतिथियों एवं ग्रामीणजनों की उपस्थिति में दोनों नवदंपत्तियों को आशीर्वाद प्रदान किया गया। वातावरण हर्ष, उल्लास और मंगलमय शुभकामनाओं से परिपूर्ण रहा। गौशाला के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने बताया कि हम आने वाले वर्षों में इस तरह का कार्यक्रम और अधिक जोड़ों का विवाह संपन्न करवाएंगे एवं सचिव कमल किशोर अग्रवाल ने यह जानकारी दी।



## बागबाहरा पत्रकार संघ ने धूमधाम से मनाई होली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

प्रतिवर्ष की परंपरा को जीवंत रखते हुए पत्रकार संघ बागबाहरा ने इस वर्ष भी होली मिलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन सांस्कृतिक भवन में किया। रंगों, गुलाल के बीच स्थानीय पत्रकार बंधुओं ने त्योहार की धूम मचाई, जो एकजुटता और भाईचारे का अनुपम उदाहरण बना। कार्यक्रम में पत्रकार संघ के सदस्यों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी। स्थानीय कलाकारों के गीत-संगीत ने माहौल को और भी रोमांचक बना दिया। गुजिया, ठंडाई ने सबके चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी। पत्रकार संघ के अध्यक्ष रवि सेन ने कहा, होली का यह मिलन हमें वर्ष भर की थकान मिटाने का अवसर देता है। पत्रकारिता की चुनौतियों के बीच यह पल हमारी एकता को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों और अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों की भी खासी भीड़ जुटी, जो क्षेत्रीय पत्रकारिता के प्रति उनके लगाव को दर्शाता है। आगामी वर्षों में ऐसे आयोजनों को और भव्य बनाने का संकल्प लिया गया। बागबाहरा पत्रकार संघ की यह पहल स्थानीय समुदाय के लिए प्रेरणादायक बनी। इस अवसर पर पत्रकार संग के सदस्य प्रदीप शर्मा, रवि सेन, महेश हरपाल, देवेंद्र साहू, लितेश परमार, सत्या चंद्राकर, ललित सोनी, हीरा चंद्राकर, तारेश साहू, आशीष गुप्ता, ललित पटेल, सुरेश नरेडिया, सोमनाथ तोंडेकर, सुरेंद्र यादव, ललित चक्रधारी, कृष्णा हरपाल सहित नगर के व्यापारी गण, राइस मिलर, जनप्रतिनिधि सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

#### गौमाता की जान बचाने में पशु चिकित्सकों की टीम सफल

**महासमुंद।** विकासखंड पिथौरा अंतर्गत स्थित गोविंद कमला गौशाला, रानीसागर पारा में एक गौमाता की तबीयत गंभीर हो गई थी। बीते कुछ दिनों से वह खाना-पीना छोड़ चुकी थी, जिससे उसकी स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही थी। गौशाला प्रबंधन द्वारा सूचना मिलने पर शासकीय पशु चिकित्सालय पिथौरा में पदस्थ पशु चिकित्सक डॉ. डीएन पटेल ने मौके पर पहुंचकर गाय का परीक्षण किया। जांच में पाया गया कि संभवतः गौमाता ने बड़ी मात्रा में प्लास्टिक एवं अन्य न पचने वाले अपशिष्ट पदार्थ निगल लिए थे, जिसके कारण उसकी हालत गंभीर हो गई थी। चिकित्सकों ने तत्काल रूमेनोटॉमी (पेट का ऑपरेशन) करने का निर्णय लिया। डॉ. डी. एन. पटेल के नेतृत्व में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी गोपाल भोई, डॉ. विपिन, भेखू सिन्हा (वेट एवं पैरावेट एमवीयू), राजूराम क्षत्रिय (पीएआईडब्ल्यू) एवं पशु परिचारक विष्णु साहू की टीम ने सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया।

## तंबाकू उत्पादों की बिक्री करने वाले दुकानों पर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव, डीपीएम नीलू घृतलहरे, जिला नोडल अधिकारी (एनटीसीपी) डॉ. छत्रपाल चंद्राकर एवं संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री करने वाले दुकानों पर सख्त चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

साथ ही चयनित ग्राम पंचायतों को धूम्रपान मुक्त बनाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता अभियान संचालित करने पर जोर दिया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि चयनित ग्राम पंचायतों के विद्यालयों, ग्राम पंचायत कार्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों को तंबाकू मुक्त क्षेत्र घोषित करने हेतु विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही समस्त शासकीय कार्यालयों में कोटपा अधिनियम 2003 की धारा 4 के अंतर्गत "धूम्रपान निषेध" संबंधी सूचना बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाए जाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान डीपीएम नीलू घृतलहरे ने जिले के शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू मुक्त घोषित करने तथा चयनित ग्राम पंचायतों को तंबाकू मुक्त ग्राम पंचायत बनाने की कार्ययोजना की जानकारी दी।




## ड्यूटी पर तैनात आरक्षक पर कार चढ़ाने का प्रयास

### आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित रेहटीखोल चेक पोस्ट पर ड्यूटी के दौरान एक कार चालक द्वारा पुलिस आरक्षक पर वाहन चढ़ाने की कोशिश का मामला सामने आया है। घटना 2 मार्च की शाम लगभग 07:00 बजे की है। आरक्षक रोहित सिदार ने बताया कि वे अपने साथी आरक्षक रमाकांत त्रिपाठी और प्रकाश साहू के साथ वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान ओडिशा की ओर से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार (एचआर 55 एएन 2992) को रुकने का इशारा किया गया। चालक ने पहले गाड़ी धीमी की, लेकिन जैसे ही रोहित जांच के लिए पास पहुंचे, चालक ने अचानक उनकी ओर गाड़ी तेजी से बढ़ा दी। रोहित ने साइड हटकर अपनी जान बचाई, वरना बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। वारदात के बाद चालक तेजी से सरायपाली की ओर फरार हो गया। सिंघोड़ा पुलिस ने कार चालक के विरुद्ध धारा 125, 132, 221 और 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए प्राथमिक उपचार एवं जरूरी उपाय

**महासमुंद।** जिले में लगातार बढ़ते तापमान के कारण लू (हीट वेव) का खतरा भी बढ़ गया है। जब वातावरण का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस (104 फैरेनहाइट) या उससे अधिक हो जाता है, तो इसे हीट वेव या लू कहा जाता है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर ने राज्य शासन के गाइड लाइन के अनुरूप लू के बचाव के संबंध में सलाह दी है। इसका सबसे अधिक असर बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों पर पड़ता है। मस्तिष्क का हाइपोथैलेमस भाग शरीर के तापमान को नियंत्रित करता है, लेकिन अत्यधिक गर्मी में यह तंत्र प्रभावित हो जाता है, जिससे हीट स्ट्रोक या लू लगने की स्थिति उत्पन्न होती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव ने बताया कि लू लगने पर सिर में भारीपन और दर्द, तेज बुखार के साथ मुंह सूखना, चक्कर आना, उल्टी होना और भूख कम लगना, कमजोरी और शरीर में दर्द, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीना न आना एवं अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना आदि लक्षण दिखाई पड़ते है। उन्होंने बताया कि लू लगने पर प्राथमिक उपचार के लिए मरीज के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी रखें। उसे अधिक मात्रा में पानी और पेय पदार्थ दें, जैसे कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि। मरीज को हवादार स्थान पर लिटाएं और उसके शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करें तथा तुरंत नजदीकी अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं और ओ.आर.एस घोल दें। डॉ. राव ने लू से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि बहुत जरूरी न हो तो घर से बाहर न निकलें। बाहर जाने से पहले सिर और कानों को कपड़े से अच्छी तरह ढंकें। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और लंबे समय तक धूप में रहने से बचें। हल्के, ढीले और सूती कपड़े पहनें, अधिक पसीना आने पर ओआरएस घोल का सेवन करें। चक्कर या मितली आने पर छायादार स्थान पर आराम करें और शीतल पेय पिएं तथा किसी भी स्वास्थ्य समस्या के लिए 104 आरोग्य सेवा केंद्र से निःशुल्क सलाह लें।

## खबर संक्षेप

### विकास और कल्याणकारी की दिशा में बजट : डॉ भुनेश्वर साहू



**बिरकोनी।** ग्राम अछरीडीह निवासी विधायक प्रतिनिधि डॉ भुनेश्वर साहू ने वित्त वर्ष 2026-2027 के लिए प्रस्तुत छत्तीसगढ़ बजट को किसान, युवा, बुजुर्ग हितैषी बताते हुए स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में एक मिसाल है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट में कृषि, सिंचाई, ग्रामीण बुनियादी ढांचा, शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास पर विशेष जोर दिया गया हैं। जो जिले सहित पूरे प्रदेश भर के लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में सहायक होगा।

### भाजपा प्रत्याशियों के लिए निधि लोकेश ने जताई शुभेच्छा



**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा द्विवार्षिक चुनाव 2026 हेतु घोषित उम्मीदवारों को लेकर पूरे प्रदेश में हर्ष और उत्साह का माहौल है। पार्टी के इन योग्य और कर्मठ उम्मीदवारों को जनपद सदस्य क्षेत्र 14 की जनप्रतिनिधि निधि लोकेश चंद्राकर ने हर्ष जताया हैं। जनपद सदस्य निधि लोकेश चंद्राकर ने कहा कि पार्टी द्वारा घोषित उम्मीदवारों की विजय सुनिश्चित है, क्योंकि उनके पीछे करोड़ों कार्यकर्ताओं का आशीर्वाद और जनता का विश्वास है। उन्होंने संगठन के सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की नीति और नीयत को जन-जन तक पहुंचाएं, ताकि देश सेवा की यह निरंतर यात्रा और अधिक मजबूत हो सके।

### कुसमी में श्रीमद भागवत 10 से 18 मार्च तक



**नर्रा।** ग्राम कुसमी (देवरी ) के माता तरियावाली के आंचल तले तत्वाधान में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 10 से 18 मार्च 2026 तक आयोजित किया गया है। कथा व्यास पंडित नितेश शर्मा उखरा वाले होंगे। कथा प्रसंग के समय प्रातः 9 बजे से 1 बजे दोपहर 3 बजे तक रहेगा।। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 10 मार्च को कलश यात्रा भागवत महातम्य, 11 मार्च को परिक्षित जन्म, शुकदेव आगमन, 12 मार्च को ध्रुव चरित्र, सती चरित्र, 13 मार्च को भारतो पारख्यान, प्रहलाद चरित्र, 14 मार्च को समुद्र मंथन, रामजन्म, कृष्ण जन्म, 15 मार्च को गोकुल शोभा, दही लूट, 16 मार्च कंस वध, रूखमणि विवाह, 17 मार्च को सुदामा चरित्र, शोभा यात्रा और 18 मार्च को गीता हवन, पूर्णाहुति, महाभंडारा समापन होगा।

## चर्चा : महाविद्यालय में पांच दिवसीय विद्यार्थी शोधशाला का आयोजन

# शोध, शिक्षा और नीति-निर्माण के लिए उपयोगी : रश्मि मिंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद




शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में पांच दिवसीय विद्यार्थी शोधशाला का आयोजन एस्पेक्ट्स ऑफ रिसर्च मेथोडोलॉजी : टूल्स, ट्रेंड्स, एंड टेक्निक्स विषय में शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर करुणा दुबे के कुशल मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के समन्वयक डॉ रीता पांडेय विभागाध्यक्ष इतिहास, सहायक समन्वयक डॉ ईपी चेलक विभागाध्यक्ष वनस्पति शास्त्र, आयोजक सचीव डॉ मालती तिवारी विभागाध्यक्ष राजनीति शास्त्र, रूसा प्रभारी प्रियंका सोनवानी, विभागाध्यक्ष प्राणीशास्त्र है। इस शोधशाला कार्यक्रम को राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान रूसा 2.0 स्टेट प्रोजेक्ट ऑफिस द्वारा प्रायोजित एवं उच्च शिक्षा विभाग, आईक्यूएसी, आईआईसी, एवं शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में शोध के प्रति रुचि जागृत करना है। प्रथम सत्र का आरंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना द्वारा किया गया एवं सरस्वती वंदना व छत्तीसगढ़ राज गीत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ, बैज एवं मोमेंटो से स्वागत किया गया। विद्यार्थी शोधशाला कार्यक्रम पर प्रकाश डॉ रीता पांडेय व पांच दिवसीय विद्यार्थी शोधशाला कार्यक्रम के शेड्यूल की प्रस्तुति डॉ ई पी चेलक द्वारा किया गया।

तत्पश्चात प्राचार्य प्रो.करुणा दुबे ने अपनी अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि शोध का विषय में मौलिकता होनी चाहिए, जिससे समाज एवं देश लाभान्वित हो। इस शोध शाला में जो विद्यार्थी एवं शोधार्थी उपस्थित है वे पहले स्वयं को लाभान्वित करेंगे तो यह शोध शाला कार्यक्रम सफल रहेगा। साथ ही शोध शाला में विषय विशेषज्ञ द्वारा प्राप्त जानकारी को आत्मसात करें एवं अनुशासित रहकर जीवन में स्वयं के साथ साथ महाविद्यालय को भी गौरान्वित करें। डॉ रश्मि मिंज इस सत्र की मुख्य अतिथि एवं कीनोट स्पीकर रही जिन्होंने अपने व्याख्यान में कहा कि शोध नई जानकारी प्रदान कर समाज, शिक्षा और नीति-निर्माण के लिए उपयोगी दिशा प्रदान करता है। शोध मौजूदा परिस्थितियों का अध्ययन करना है एवं शोध का परिणाम हमें शासन तक पहुंचाना चाहिए। साथ ही शोध का महत्व बताते हुए कहा कि हमारे द्वारा किया गया शोध किस प्रकार लाभ देता है एवं समाज को उससे किस प्रकार से लाभ मिलेगा इसका अध्ययन करना महत्वपूर्ण है। वर्तमान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य शिक्षा शोध परख शिक्षा होनी चाहिए। एवं द्वितीय सत्र के विषय विशेषज्ञ डॉ ईपी चेलक रहे एवं इन्होंने अपने व्याख्यान में कहा कि अनुसंधान पद्धति के नवीन रुझानों का अध्ययन आधुनिक शोध प्रक्रियाओं और तकनीकों के विकास को समझने पर केंद्रित है। आज के समय में शोध कार्य में डिजिटल उपकरणों, उन्नत डेटा विश्लेषण, और बहुविषयक दृष्टिकोण का अधिक उपयोग हो रहा है। इन नए रुझानों से शोध की गुणवत्ता, विश्वसनीयता और प्रभावशीलता में वृद्धि होती है। साथ ही यह शोधकर्ताओं को जटिल समस्याओं के समाधान के लिए नवीन और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने में सहायता करता है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ नीलम अग्रवाल, डॉ आर के अग्रवाल, डॉ दुर्गावती भारतीय, एसआर रात्रे सहित विभिन्न महाविद्यालय, विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं जिले के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही एवं महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी गण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार राजा विभागाध्यक्ष वाणिज्य एवं विजय कुमार मिर्चे अतिथि सहा. प्राध्यापक द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन डॉ मालती तिवारी एवं डॉ दुर्गावती भारतीय द्वारा किया गया।

### घर में ही पानी उपलब्ध होने से समय और मेहनत दोनों की बचत हो रही है - खिलेश्वरी

**महासमुंद।** जिले के महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पाली में कुछ समय पहले तक यहां के ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। गांव में पानी के लिए केवल कुछ हैंडपंप और पावर पंप ही उपलब्ध थे, जिन पर पूरा गांव निर्भर रहता था। गर्मी के मौसम में पानी की समस्या और भी गंभीर हो जाती थी। विशेषकर महिलाओं को दूर-दूर तक जाकर पानी लाना पड़ता था, जिससे उनका काफी समय और श्रम खर्च होता था। ग्रामीणों की इस समस्या को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा हर घर जल योजना के अंतर्गत ग्राम पाली में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया। योजना के तहत लगभग 69.19 लाख रुपये की लागत से एक ऊंची पानी टंकी का निर्माण किया गया। इसके साथ ही पूरे गांव में लगभग 3143 मीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई और 341 घरों में नल कनेक्शन प्रदान किए गए। गांव में पहले से उपलब्ध 9 हैंडपंप और 10 पावर पंप भी जल स्रोत के रूप में उपयोग किए जा रहे हैं। ग्राम पंचायत के सरपंच भुवनेश्वर लोधी के नेतृत्व और ग्रामवासियों के सहयोग से यह कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ। इसके बाद से गांव के प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचने लगा। ग्राम पाली में 21 जनवरी 2026 को हर घर जल प्रमाणिकरण भी किया गया, जो गांव के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इस योजना का सबसे अधिक लाभ गांव की महिलाओं को मिला है। गांव की निवासी खिलेश्वरी बताती हैं कि पहले उन्हें रोजाना पानी लाने के लिए काफी दूर जाना पड़ता था। कई बार पानी के लिए लंबा इंतजार भी करना पड़ता था। अब घर में ही नल के माध्यम से स्वच्छ पानी उपलब्ध हो रहा है, जिससे उनका समय और मेहनत दोनों बच रहे हैं। अब वे अपने परिवार और अन्य कार्यों पर अधिक ध्यान दे पा रही हैं। वास्तव में हम महिलाओं के लिए घर में ही पानी की सुविधा होना महिला दिवस के अवसर पर बड़ा उपहार है। आज ग्राम पाली में हर घर जल योजना के माध्यम से घर-घर स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो रहा है।



### जिला हॉकी संघ का 7-ए साइड हॉकी स्पर्धा का विजेता बना बिलासपुर

**महासमुंद।** जिला हॉकी संघ खेल एवं युवा कल्याण, महासमुंद के तत्वावधान में राज्य स्तरीय चंद्रोदय हॉकी कप 2026 हॉकी प्रतियोगिता का समापन गत दिनों किया गया। उक्त प्रतियोगिता मिनी स्टेडियम, कॉलेज रोड महासमुंद में आयोजित था। समापन अवसर के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू थे। अध्यक्षता जिला हॉकी संघ अध्यक्ष व चंद्रनाहू शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि के रूप में भाजपा नेता पंकज चंद्राकर, जिला मीडिया प्रभारी आनंद साहू, चंद्रनाहू शिक्षण समिति के पदाधिकारी गण व खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी, कर्मचारी गण उपस्थित थे। प्रतियोगिता के फाइनल विजेता बिलासपुर हॉकी एकेडमी, द्वितीय विजेता जांजगीर हॉकी टीम, व तृतीय विजेता रायगढ़ हॉकी टीम रहे। जिसमें विजेता टीम बिलासपुर को प्रथम पुरस्कार 25 हजार रु., द्वितीय विजेता टीम जांजगीर को 15 हजार रु. व तृतीय विजेता टीम रायगढ़ को 10 हजार रु. व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि स्थानीय स्तर पर इस तरह के आयोजन से खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का एक बेहतर मंच मिलता है। हॉकी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने चंद्रोदय हॉकी कप का आयोजन सराहनीय प्रयास है। उन्होंने खिलाड़ियों को आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने प्रेरित करते हुए विजेता टीमों को शुभकामनाएं दी। आभार प्रदर्शन जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष व चंद्रनाहू शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चंद्राकर ने किया। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान कर उनके प्रतिभा को आगे बढ़ाने का है। महासमुंद सहित अंचल के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने चंद्रनाहू शिक्षण समिति संकल्पबद्ध है। उन्होंने विजेता टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अच्छे प्रदर्शन कर भविष्य में भी इस तरह उपलब्धि हासिल करते रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में हॉकी खिलाड़ी, स्थानीय गणमान्य नागरिक व खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# झिटकी के ग्रामीण होलिका दहन के बाद अंगारों पर चले



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

जिले के अंतिम छोर उड़ीसा सीमा से लगे ग्राम झिटकी में शांतिपूर्ण ढंग से बुराई पर अच्छाई. का प्रतीक रंगों का पर्व होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पर्व पर एक बहुत ही श्रद्धापूर्ण और साहसी परपंरा है। हर साल होलिका दहन के बाद जब लकड़ियां, कंडे पूरी तरह से लाल दहकते अंगारों में बदल जाती है, तब एक समान फैलाया जाता है इस आयोजन में गांव के बैगा व पुजारी की मुख्य भूमिका में होती है वही सबसे पहले अग्नि की पूजा करते है, तभी ग्रामीण बारी-बारी से दहकते अंगारों को पार करते हैं। आज भी ऐसी प्राचीन और साहसी परंपरा जीवित है। होलिका दहन के बाद दहकते अंगारों पर ग्रामीण नंगे पैर चलने की यह परंपरा न केवल अटूट विश्वास का प्रतीत है, बल्कि यह पौराणिक कथा को जीवंत रखा गया है। जहां प्रहलाद आग से सुरक्षित बाहर निकल आए थे। इस प्रकार की परंपराओं के पीछे अक्सर कुछ गहरे पहलु होते है

आस्था की सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि इतनी दहकते अंगारो में चलने की बावजूद किसी के पैरे में छाले तक नहीं पड़ते, इसे ग्रामीण अपनी कुल शक्ति यानी गांवों की देवी देवताओं का आशीर्वाद मानते थे। जिस तरह भक्त प्रहलाद अग्नि में बैठने के बावजूद सुरक्षित रहे। आज के अधुनिक युग में भी इस गांव ने अपनी इस प्राचीन धरोहर को जीवित रखा है। इस दौरान लोकसिंग दिवान, किशोर चंद्राकर, उमाराम साहू घनश्याम दीवान, संदीप दीवान, कमल दीवान, थानेश्वर साहू, देवनारायण, दुलेश साहू, खेमराज साहू समेत ग्राम के लोग मौजूद रहे।

### होली पर्व शांति व हर्षोल्लास के साथ मनाया

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में बुधवार को धूमधाम से होली पर्व मनाई। ग्राम के बुजुर्गों ने होली का त्योहार पारंपरिक रीति रिवाज से घर में पूजा अर्चना किया। ग्रामीण बच्चों ने एक-दूसरे बड़े छोटे के ऊपर गुलाल लगाकर अभिनंदन किया। और होली की बधाई दी। पर्व क्षेत्र में शांति व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः गांव के वरिष्ठ लोगो का गुलाल तिलक लगाकर होली के त्योहार का आगाज किया। जागरूक लोगो ने आग्रह किया, कि होली से परंपरा गत पर्यावरण की सुरक्षा से होली मनाएंगे, और आंखों व त्वचा को हानिकारक रंगों से बचाने और केमिकल युक्त रंगों का प्रयोग नहीं करने की हिदायत दी। इस अवसर पर बच्चों ने जमकर रंग गुलाल के साथ गली मोहल्लों में बच्चे एकत्रित होकर होली गीत में डांस किया। सुबह से ही बच्चे उत्सव बढ़ाने के लिए रंग और पिचकारी से लुत्फ़ लेते नजर आये। युवाओं ने टोलियों के साथ रंग गुलाल खेली गई। होली पर्व पर बच्चों का उत्साह देखने लायक था। टोली बनाकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया। दोपहर से शाम तक सड़कों पर नागरिक रंग और गुलाल से होली खेलते दिखाई दिए। युवाओं ने होली नृत्य कर नगाड़ा के धुन से गुलाल उड़ाया, रास गान के साथ ग्रामीणों ने बुजुर्गों ने बाजार चौक में घरों से डंडा लेकर डंडा नृत्य की अनोखी कला प्रस्तुत की। होली मिलन गीत के साथ बताया गया कि पर्व में एक दूसरे से मिलने का सौभाग्य प्राप्त होता है। प्रातः 9 बजे नगाड़ा के धुन में भाटापारा गौरा गौरी चौक, बाजार चौक, आजाद चौक, बरबसपुर में बाजार चौक, स्कूल चौक, नहार पारा में डीजे के साथ मस्ताना अंदाज में डांस करते नजर आये।

# सिटीजन पोर्टल को ब्लॉक कर अपराध छुपाने का काम कर रही सरकार

## भाजपा राज में अपराध का गढ़ बन गया छत्तीसगढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने प्रदेश में बढ़ रहे अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे शांत राज्य को भाजपा ने अपराध का गढ़ बना दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ का गृह विभाग अपराध नियंत्रण में पूरी तरह फेल हो चुकी है। प्रदेश में लूटमार, हत्या, चाकूबाजी, मारपीट, डकैती, अपहरण, अनाचार जैसी घटनाओं में वृद्धि हुई है। इन अपराधों पर अंकुश लगाने के बजाए भाजपा की साय सरकार अपराध छुपाने का काम कर रही है। ऑनलाइन एफआईआर और सिटीजन पोर्टल में जिले वार घटित अपराधों की जानकारी मिल जाती थी, जिसे पिछले डेढ़ महीने से ब्लॉक कर दिया गया है। उपरोक्त दोनों पोर्टलों में अब ऑनलाइन एफआईआर चेक करने पर वेबसाइट नहीं खुल रहा। जिससे अपराधों की जानकारी के साथ-साथ प्रार्थी पक्ष को एफआईआर की कॉपी के लिए थानों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। पहले, ऑनलाइन सुविधा मिलने से एफआईआर की कॉपी प्रार्थी पक्ष को आसानी से मिल जाती थी।

पूर्व संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि भाजपा राज में कानून व्यवस्था पूरी तरह बदहाल हो चुकी है और छत्तीसगढ़ अब अपराध और नशाखोरी का गढ़ बनता जा रहा है। ड्रग्स, अफीम, गांजा, हीरोइन और अवैध शराब बिना रोक-टोक बिक रही है। हर चौक-चौराहे पर नशे के सौदागर सक्रिय हैं, जिससे अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। अपराधियों में खाकी वर्दी का भय खत्म हो चुका है और पुलिस विभाग अवैध वसूली में लिप्त है। केंद्र और राज्य दोनों जगह भाजपा की सरकार होने के बावजूद पाकिस्तान से ड्रग्स की खेप छत्तीसगढ़ तक पहुंच रही है और गृह मंत्री सिर्फ बयानबाजी कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश में अपराध पूरी तरह अनकंट्रोल हो चुका है और महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। गत दिनों गृह मंत्री द्वारा विधानसभा में पेश किए गए आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में एक साल में 3191 बलात्कार की घटनाएं हुई हैं, यानी प्रतिदिन औसतन 8 से 9 दुष्कर्म। इसका मतलब साफ है कि छत्तीसगढ़ में हर 3 घंटे में एक महिला दुष्कर्म की शिकार हो रही है।

चंद्राकर ने कहा कि महिला अपराधों के साथ ही प्रदेश में नशाखोरी, चाकूबाजी जैसी घटनाओं में वृद्धि हुई है। पूरे प्रदेश सहित महासमुंद जिले में आए दिन महिला अपराध, हत्या, लूटमार, ठगी जैसे अपराध हो रहे हैं। अपराधियों को कानून का भय नहीं है। थानों में दर्ज एफआईआर पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है। प्रदेश में अपराधों पर नियंत्रण नहीं कर पा रहे भाजपा सरकार अब अपराधों को छुपाने का काम करने लगे हैं। प्रार्थी पक्ष को एफआईआर की कॉपी नहीं दी जाती। ऑनलाइन एफआईआर पोर्टल को बंद कर दिया गया है। जिससे सरकार के पारदर्शी पूर्ण कार्रवाई पर सवाल उठ रहा है। चंद्राकर ने कहा कि सरकार अपराधों को छुपाने के बजाए प्रदेश में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए तथा अपराधों पर सख्ती से नियंत्रण करें। उन्होंने ऑनलाइन सिटीजन पोर्टल को जनहित में पुनः प्रारंभ करने पर जोर दिया।



### पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक हुई

**बागबाहरा।** पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा बागबाहरा की मासिक बैठक का आयोजन कर्मचारी भवन बागबाहरा में किया गया जिसमें सभी सदस्यों की उपस्थिति में पूजा अर्चना के साथ बैठक किया गया। पेंशनरों को अभी तक का 3% प्रतिशत महंगाई भत्ता अप्राप्त है, जिस पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया और प्रांतीय निर्देशानुसार 14 मार्च तक शासन द्वारा पेंशनर्स को 3% महंगाई भत्ता नहीं मिलता तो उग्र आंदोलन किए जाने की जानकारी दी गई। साथ ही साथ पेंशनरों की समस्याओं पर बिंदुवार चर्चा करते हुए उच्च अधिकारियों से मिलकर सुलझाने का प्रयास किया गया। संगठन के वरिष्ठ साथी बरिहा शिक्षा विभाग, धनंजय साहू स्वास्थ्य विभाग, केसी थवाईथ सिंचाई विभाग के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस मीटिंग में अध्यक्ष -भैयाराम चंद्राकर, सचिव राजेंद्र होता, कोषाध्यक्ष-जीडी मानिकपुरी, संजय शर्मा, दिलीप सेन, विजय देशपांडे, अशोक चंद्राकर, लड्डू लाल मिश्रा, भीमसेन चंद्राकर, गंगाराम साहू, भूषण साहू, ओसराम साहू, आरके सिंग, उल्लास दास, सोनसिंग ठाकुर, लड्डू लाल मिश्रा, रोहिदास प्रधान, मनोहर साहू, पवन चंद्राकर, कन्हैयालाल सोनवानी, गनपत साहू, कौशल चंद्राकर एवं सभी विभागों से सेवा निवृत्त पेंशनर्स मीटिंग में उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन राजेंद्र होता द्वारा किया गया।



### स्वरोजगार प्रशिक्षण का आयोजन

**बागबाहरा।** शहर के वार्ड नं. 08 में अस्यूराइज कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट द्वारा स्किल इंडिया अंतर्गत आत्मनिर्भर स्वरोजगार प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ जिसमें बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण, सिलाई प्रशिक्षण, ब्यूटीपार्लर प्रशिक्षण, टैली प्रशिक्षण, केक, डी.सी.ए. प्रशिक्षक एवं सुपरवाइजर प्रभा लहरे, अरविंद लहरे द्वारा दिया गया। ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवती वा महिलाएं प्रशिक्षण में सामिल हुए 90 घंटे 45 दिन तक का प्रशिक्षण संपन्न होने के बाद भारत सरकार मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र भी दिया गया। असूराइज कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट के संचालक प्रेम निराला ने बताया कि पिथौरा महासमुंद अंतर्गत ग्रामीण युवाओं को सफल उद्यमी बनाकर उन्हें सशक्त बनाना होगा। जिसका लक्ष्य वित्तीय स्थिरता में सुधार लाना है। ये पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण और दीर्घकालिक मार्गदर्शन प्रदान करते हैं ताकि वे स्थायी, स्वरोजगार उद्यमशीलता को बढ़ावा दे सकें।



### ब्रम्हाकुमारी संस्थान में मनाई गई होली

**महासमुंद।** आंतरिक पवित्रता, आत्मिक परिवर्तन, और मनोविकारों का दहन का प्रतीक पर्व होली ब्रम्हाकुमारीज के स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन में बहुत ही उमंग के साथ मनाया गया। ईश्वरीय परिवार के सभी सदस्य एकत्रित होकर गीत संगीत के साथ होली पर्व मनाया। ब्रम्हा कुमारी बहनों ने सभी आए हुए अतिथियों के उपर फूलों की वर्षा करते हुए अलौकिक रीति की होली मनाई। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति दीदी ने सभी को आत्मस्मृति का तिलक लगाकर बधाई व शुभकामनाएं दीं, छोटे बच्चों ने नृत्य संगीत के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। प्रीति दीदी ने होली पर्व के आध्यात्मिक रहस्य खोलते हुए कहा, होली पर्व केवल रंगों का खेल नहीं बल्कि आंतरिक बुराईयों काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार को योग की अग्नि में जलाकर पवित्र बनने का आध्यात्मिक पर्व है। यह स्वयं को परमात्मा के प्रेम के गुणों के रंगों से सराबोर कर दिव्य गुणों को धारण करने का शुभ अवसर है। लकड़ियां जलाना अर्थात मन की विकृतियों और पुरानी आदतों को ज्ञान की अग्नि में भस्म करने का प्रतीक है।



### चंद्रग्रहण के कारण दो दिन हुआ होलिका दहन

नर्रा। फाल्गुन माह के पूर्णिमा पर बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व होली से ठीक पहले ग्रामीण अंचल के गावों में परपंराओं के अनुसार होलिका दहन किया गया। साल के पहले चंद्रग्रहण के कारण अंचल के गांवों में दो दिन यानी सोमवार और मंगलवार रात में होलिका दहन किया गया। गांव के होलिका दहन स्थल पर ग्रामवासियों ने शुभ मुहूर्त में विधि विधान से पूजा अर्चन कर होलिका दहन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। रंगों का त्योहार होली पर खूब उड़े रंग गुलाल बच्चे युवक बुजुर्गो ने एक-दूसरे पर रंग गुलाल लगाकर बधाई दी। यह पर्व न केवल रंगों का त्योहार है बल्कि प्रेम भाई चारे और सदभावना का भी प्रतीक है।

### एनएचएम के संविदा पदों हेतु पात्र-अपात्र सूची जारी

**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) अंतर्गत कुल 74 संविदा पदों की पूर्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि प्राप्त आवेदनों की जांच उपरांत पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर ली गई है। इस सूची के संबंध में अभ्यर्थियों से 13 मार्च 2026 तक दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है।

### अप्रेंटिसशिप मेला 9 मार्च को

**महासमंद।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महासमुंद लभराखुर्द बीज निगम के पास जिला महासमुंद में 9 मार्च की सुबह 10 बजे से अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेले में जिले के समस्त उद्योग स्थान अप्रेंटिसशिप/ प्लेसमेंट रखने हेतु सम्मिलित हो सकते हैं साथ ही 10 वीं, 12 वीं, आईटीआई और पॉलिटेक्निक उत्तीर्ण युवा भी भाग ले सकते हैं।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
Piles Care Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश को लेकर जोबा में मारपीट, दो के खिलाफ मामला दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम जोबा में होली खेलने के दौरान पुरानी रंजिश के चलते मारपीट की घटना सामने आई है। ग्राम भोरिंग निवासी साहिल कुर्रे अपने परिजनों के साथ जोबा गया था, जहाँ दोपहर करीब 12 बजे गांव के लक्की राजपूत और महेश्वर साहू ने पुरानी बात को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोपियों ने रूपेश कुमार मन्नाडे और बीच-बचाव करने आए साहिल कुर्रे के साथ मारपीट की। इस हमले में साहिल और रूपेश को हाथ, पैर और कमर पर चोटें आई हैं। नीलकंठ डहरिया ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पुलिस ने साहिल की शिकायत पर आरोपी लक्की और महेश्वर के खिलाफ धारा 115(2), 296 और 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### होली पर पुरानी रंजिश के चलते मारपीट

**महासमुंद।** नगर के वार्ड नंबर 11, दलदली रोड नयापारा में 4 मार्च की दोपहर होली के दौरान मारपीट की घटना सामने आई है। यहां रहने वाले महेश्वर साहू के घर के सामने पड़ोसी ललित साहू और दिनेश गढ़रिया ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। जब महेश्वर के भाई संतोष ने मना किया, तो आरोपियों ने उन्हें घर से खींचकर सड़क पर पीटना शुरू कर दिया। इस बीच ललित के बेटे यशु और आदित्य साहू ने भी हमला कर दिया। यशु ने संतोष की पीठ पर धारदार वस्तु से वार किया, वहीं ललित ने बीच-बचाव करने आए महेश्वर के सिर पर डंडे से हमला कर दिया। हमले में परिवार के अन्य सदस्य रामकुमारी और हरिवंत साहू भी घायल हुए हैं। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी ललित, दिनेश, यशु और आदित्य के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### होली पर ग्राम मुढेना में दो पक्षों में मारपीट, दोनों तरफ से मामला दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम मुढेना में 4 मार्च को होली के दिन दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर मामला दर्ज किया है। पहला पक्ष, उपसरपंच राजेश साहू का आरोप है कि जब वे झगड़ा शांत कराने गए, तो रमेशर भारद्वाज और उनके परिवार ने गाली-गलौज करते हुए उन पर और झम्मन निषाद पर पत्थरों व मुक्कों से हमला कर दिया। इसमें दोनों के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। दूसरा पक्ष, मानकी भारद्वाज ने आरोप लगाया कि राजेश साहू और उनके साथी ने उनके भाई कैलाश के साथ मारपीट की। जब परिवार के अन्य लोग बीच-बचाव करने आए, तो उन पर भी डंडों से हमला किया गया, जिससे उन्हें भी चोटें लगी हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों के विरुद्ध बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चंद्रनाहू क्षेत्रीय कुर्मी समाज रायपुर राज की बैठक 7 और 8 मार्च को

**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि छत्तीसगढ़ के रायपुर राज चंद्रनाहू, क्षेत्रीय कुर्मी समाज के बैठक पारागांव में 7-8 मार्च को होगी। बैठक में समाज के लोगों से शामिल होने की अपील की गई है।

**चर्चा : जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित, योजनाओं की हुई समीक्षा**

# शासन की विकास योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : सांसद चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक शुक्रवार को जिला पंचायत सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने की। बैठक में जिले में संचालित केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति, उनके क्रियान्वयन की स्थिति एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की व्यापक समीक्षा की गई।

बैठक में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, सरायपाली विधायक चातुरीनंद, जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, नगरीय निकायों के अध्यक्ष, प्रतिनिधि, सदस्य, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, सीईओ जिला पंचायत हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि साहू सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सांसद चौधरी ने विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत प्रगति प्रतिवेदनों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि विकास कार्यों को गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाना अत्यंत आवश्यक है। बैठक में सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि हम सभी का मुख्य उद्देश्य यह होना चाहिए कि अधिक से अधिक नागरिकों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाए ताकि अधिकतम लाभ प्राप्त हो। उन्होने ग्रामीण विकास, पंचायती राज, जल जीवन मिशन, शिक्षा, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास आदि की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि किसी भी शासकीय योजना का उद्देश्य आम जनता को अधिक से अधिक लाभान्वित करना है। विभागीय अधिकारी हितग्राहियों के चयन के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी मार्गदर्शन लेवें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के पश्चात प्रमाण पत्र वितरण, आदान सामग्रियों का वितरण में भी आवश्यक प्रचार-प्रसार कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेवें।

खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा में कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गति बनाए रखी जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए तथा क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुसार योजनाओं के क्रियान्वयन में प्राथमिकता दी जाए।

सरायपाली विधायक चातुरीनन्द ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं जैसे सड़क, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही विकास कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने और समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बताया कि शासन की किसी भी योजना का लाभ लेने हेतु किसी भी नागरिक, हितग्राही को अतिरिक्त राशि देने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे लोगों के विरुद्ध एफ आई आर करने के निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि जिले में स्वीकृत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत आवास 47260 के विरुद्ध 34078 आवास पूर्ण किया जा चुका है तथ्रर 13182 आवास प्रगतिरत है। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में लक्ष्य 14176 के विरुद्ध 12017 आवास स्वीकृत किया गया है। साथ ही अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई।

## 50 लाख तक के कार्यों की निर्माण एजेंसी पंचायत हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



- दिशा की बैठक में विधायक ने उठाए जनहित के मुद्दे

जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया। बैठक में उन्होंने विशेष रूप से 50 लाख रुपये तक के निर्माण कार्यों की एजेंसी पंचायतों को तय करने की मांग रखते हुए कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों में तेजी आएगी और स्थानीय स्तर पर पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी।

विधायक यादव ने कहा कि यदि छोटे और मध्यम स्तर के निर्माण कार्य पंचायतों के माध्यम से कराए जाएं तो स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भागीदारी बढ़ेगी और कार्यों का बेहतर क्रियान्वयन संभव होगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की आवश्यकताओं के अनुसार विकास कार्य समय पर पूर्ण किए जा सकेंगे। विधायक ने कुपोषित बच्चों की समस्या को गंभीर बताते हुए इस दिशा में विशेष ध्यान देने की बात कही। वहीं खोपली पड़ाव और खम्हारपाली स्थित अंतर्राज्यीय बैरियर में ओवरलोड वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई करने तथा मासिक टोकन प्रथा के नाम पर की जा रही अवैध वसूली को बंद करने की मांग भी रखी। बैठक के दौरान विधायक यादव ने जिले से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों को भी उठाया। उन्होंने नर्रा उपस्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर को अन्यत्र भेजे जाने के आदेश को निरस्त करते हुए पुनः नर्रा में पदस्थापना करने की मांग की, ताकि क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए परेशानी न हो। उन्होंने जिले के कई स्कूल परिसरों के भीतर स्थित ट्रांसफार्मरों तथा ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों को बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर हटाने की आवश्यकता बताई। बागबाहरा शहर के नक्शा अपडेशन कार्य को जल्द पूरा कराने की मांग भी उठाई गई, जिससे नागरिकों को हो रही परेशानियों से राहत मिल सके।

# होली की धूम, परंपरा और उत्साह के साथ मनाया रंगों का त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



**डांस और संगीत की मस्ती**

शहर के मुख्य चौक-चौराहों और गली-मोहल्लों में होली का आधुनिक स्वरूप भी देखने को मिला। जगह-जगह डांस के आयोजन किए गए थे, जहां फव्वारों के नीचे युवाओं और बच्चों ने फिल्मी गानों और फाग की धुनों पर जमकर नृत्य किया। डीजे की गूंज के बीच लोग देर शाम तक रंगों में सराबोर नजर आए। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले भर में पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा।

जिले के शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों में भी इस वर्ष होली का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक ढंग से मनाया गया। शहर सहित बागबाहरा, सरायपाली, पिथौरा और बसना जैसे क्षेत्रों में होली को लेकर जबरदस्त माहौल देखा गया। वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार होलिका दहन के अगले दिन ही रंग खेला जाता है, लेकिन इस वर्ष विशेष खगोलीय परिस्थितियों (चंद्रग्रहण) के कारण लोगों ने तीसरे दिन यानी बुधवार को मुख्य रूप से रंग-गुलाल खेला। जिले में सोमवार की रात को विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन किया गया। इसके बाद बुधवार की सुबह से ही धुलेंडी का पर्व शुरू हो गया। ग्रामीण इलाकों में इसका विशेष असर देखने को मिला, जहां लोगों ने सुबह से ही एक-दूसरे को रंग लगाकर त्योहार की बधाई दी। युवाओं की टोलियां ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचती-गाती सड़कों पर निकलीं। लोगों ने अपने से बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया और गुलाल लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की। होली के इस अवसर पर घरों में उत्सव का माहौल रहा। हर घर में विशेष रूप से गुजिया, भजिया और अन्य पारंपरिक व्यंजन बनाए गए थे। मेहमानों का स्वागत तरह-तरह के पकवानों से किया गया, जिससे आपसी भाईचारे की भावना और मजबूत हुई। शाम के समय लोगों ने नए कपड़े पहनकर एक-दूसरे के घर जाकर होली मिलन किया।

## फर्जी एफआईआर के विरोध में कलार समाज लामबंद, एसपी के नाम सौंपा ज्ञापन

**पिथौरा।** छत्तीसगढ़ डड़सेना कलार समाज कौड़ियि की महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय बस स्टैंड स्थित सामाजिक भवन में आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष नीरज गजेंद्र के निर्देशानुसार आयोजित इस बैठक में समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों ने मंडलेश्वर पुनीत सिन्हा सहित नौ अन्य लोगों के विरुद्ध दर्ज कराई गई एफआईआर को 'फर्जी' करार देते हुए गहरा रोष व्यक्त किया।

बैठक में उपस्थित सामाजिक जनों ने सर्वसम्मति से कहा कि लालिमा डड़सेना (पति जुगल किशोर डड़सेना) द्वारा सहगोत्री मामले को लेकर थाना पिथौरा में जो एफआईआर दर्ज कराई गई है, वह पूरी तरह निराधार और द्वेषपूर्ण है। समाज के संरक्षक प्रेम लाल सिन्हा और वरिष्ठ उपाध्यक्ष नंदकुमार सिन्हा ने आरोप लगाया कि पूर्व मंडलेश्वर सालिक राम डड़सेना द्वारा वर्तमान मंडलेश्वर और अन्य सदस्यों के प्रति व्यक्तिगत रंजिश रखते हैं। इसी रंजिश के चलते उन्होंने अपनी पुत्रवधू के माध्यम से झूठी शिकायत दर्ज कराई है, ताकि समाज में नकारात्मकता फैलाई जा सके।

बैठक के पश्चात समाज का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस प्रशासन से मिला। समाज ने एसपी महासमुंद, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पिथौरा एवं थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि इस फर्जी एफआईआर को तत्काल खारिज किया जाए। समाज के युवाओं और वरिष्ठों ने चेतावनी दी है कि यदि निर्दोष सामाजिक जनों को न्याय नहीं मिला, तो समाज आगे की रणनीति तय करेगा।

इस दौरान मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष भूखन सिन्हा, जिला सचिव परमेश्वर सिन्हा, सहसंपादक पीतांबर डड़सेना, पूर्व जिलाध्यक्ष बूढ़ेश्वर डड़सेना, मान श्रवण डड़सेना, नगर प्रमुख राजू सिन्हा और युवा मंच अध्यक्ष ओम सिन्हा उपस्थित थे।

## लोन विवाद में पिता और सौतेली मां ने की बेटे की हत्या, तीन गिरफ्तार

**महासमुंद।** पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम टुरीडीह में पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक की निर्मम हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में मृतक के पिता, सौतेली मां और भाई के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। घटना 2 मार्च की है। पुलिस के अनुसार, ईट भट्ठा संचालक गंगाराम टंडन ने अपने बेटे प्रेमप्रकाश टंडन को गोंगल रोड स्थित फैक्ट्री बुलाया। वहां 50 लाख रुपये के बैंक लोन को न चुकाने को लेकर पिता-पुत्र के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि प्रेमप्रकाश के वहां से जाने की कोशिश करने पर उसकी सौतेली मां प्रिंसकिला ने दरवाजा बंद कर दिया। इसके बाद पिता और सौतेली मां ने बांस के डंडे और टांगी (कुल्हाड़ी) से हमला कर प्रेमप्रकाश की हत्या कर दी। हत्या के बाद साक्ष्य छुपाने के लिए आरोपियों ने शव को पास के खेत में फेंक दिया और खून से सने कपड़े जला दिए। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी पिता गंगाराम, सौतेली मां प्रिंसकिला और सहयोग करने वाले भाई आशीष टंडन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 103(1), 238 और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

### बाइक ने तीन को मारी टक्कर

**महासमुंद।** बसना क्षेत्र के भंवरपुर में एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए पैदल चल रहीं तीन महिलाओं को टक्कर मार दी। यह घटना 3 मार्च 2026 की रात करीब 8 बजे की है। पायल प्रधान नामक युवती जब काम से घर लौट रही थी, तब उसे लेने आ रही उसकी मां बिलासिनी प्रधान, मौसी सावित्री प्रधान और भाभी सत्यवती प्रधान को सामने से आ रही बाइक सीजी-06-एचसी 2141 ने जोरदार टक्कर मार दी। बिलासिनी और सावित्री प्रधान को पैर, सिर और कमर में गंभीर चोटें आई हैं। इन्हें निजी अस्पताल भंवरपुर में भर्ती कराया गया है। सत्यवती प्रधान इन्हें मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने पायल प्रधान की शिकायत पर बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस. की धारा 281 और 125 (ए) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।





